तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



निर्माण कार्य के चलते बुधवारी बाजार से रेलवे स्टेशन तक आने-जाने वाले मार्ग को 10 जुलाई से अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा।


## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजनाः 6वीं में प्रवेश परीक्षा आज

**बिलासपुर**। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को होगी। परीक्षा दोपहर 12 से 2 बजे तक पुराना हाईकोर्ट के सामने स्थित डेल्टा पब्लिक स्कूल (प्रीमियर एकेडमी) में होगी। आदिवासी विकास विभाग ने परीक्षा के प्रवेश पत्र संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध करा दिए हैं। पात्र विद्यार्थी 4 जुलाई तक कार्यालयीन समय में अपनी शाला से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### दिन में धूप छांव, रात में हल्की बारिश

**बिलासपुर**। मानसूनी हवाओं का जोर कमजोर होते ही जिले में रुक रुककर बारिश हो रही है। शनिवार को सुबह से आसमान पर बादल छाए रहे, इस दौरान काली घटाओं ने सूरज की रौशनी को रोक लिया, कुछ देर बाद हल्की बारिश भी हुई। वहीं रात में कुछ स्थानों पर तेज को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होती रही। मौसम में उतार चढ़ाव जारी है,दो दिनों से हो रही बारिश पर शनिवार को थोड़ी थोड़ी देर के लिए ब्रेक लगा रहा, दिन में किसी समय हल्की धूप निकल जाती थी तो किसी समय आसमान पर काले बादल छाने के बाद बारिश भी होने लगती थी। इस दौरान अधिकतम तापमान 34 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया।



### तोरवा हेमूनगर में वारदात : कर्ज में डूबा, मोबाइल चेट से खुलासा

# पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने के बाद पति फांसी पर झूला



आरोपी मृतक



मृतका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पति ने अपनी पत्नी के गले पर कुल्हाड़ी से 5 बार हमला कर हत्या कर दी, उसके बाद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सनसनी खेज वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी अशोक देवांगन 50 साल, पत्नी दिलेश्वरी बाई 40 साल व 15 साल की बेटी व 13 साल के बेटे के साथ किराए के मकान में रहकर मंडी में सब्जी बेचने का काम कर रहे थे। 4 जून की सुबह 5.30 बजे अशोक देवांगन ने अपने कमरे में बिस्तर में सो रही पत्नी दिलेश्वरी देवांगन 40 साल के गले में कुल्हाड़ी से 5 बार हमला कर जघन्य हत्या कर दी। उसके बाद कमरे में टेबल रखकर पंखे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बच्चों के दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनकर पड़ोसी उनके घर गए तो बच्चों के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। दरवाजा खोलकर बच्चों को बाहर निकाला गया। दूसरे रूम में बेड में टिकी हुई दिलेश्वरी बाई की खून से लथपथ लाश पड़ी थी और अशोक देवांगन की फांसी के फंदे में लटका हुआ था। सूचना पर डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर तोरवा पुलिस को सूचना दी। टीआई रजनीश सिंह स्टाफ व एफएसएल की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम के द्वारा दोनों शवों का परिक्षण किया गया है।

#### बच्चों से कहा 10 मिनट बाद दरवाजा खोलता हूं

मां की चीख सुनकर बगल के कमरे में सो रहे बेटे बेटी की नींद खुल गई। इसी दौरान उनके पिता अशोक आया और 10 मिनट बाद दरवाजा खोलने की बात कहकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया।

**कर्जा में डूबा था पतिः** टीआई श्री सिंह ने बताया, वे मौके पर गए तो कमरे में पत्नी की खून से लथपथ लाश पड़ी थी और बेड में खून से रंगी कुल्हाड़ी रखी थी। कमरे में ही पति की फांसी पर लटकी लाश मिली। जांच के बाद कमरे में मृतक का मोबाइल मिला। मोबाइल खंगालने पर कई लोगों की चेटिंग मिली। जिसमें सभी लोग उससे कर्ज में दी गई रकम की मांगी थी। मृतक तीन माह से काम पर नहीं जा रहा था।

#### पत्नी की हत्या क्यों किया सस्पेंस

मोबाइल चेटिंग से खुलासा हुआ मृतक अशोक कर्जा में डूबा हुआ था। किन्तु उसने अपनी पत्नी की हत्या क्यों की, यह सस्पेंस बरकरार है। पुलिस ने बच्चों व परिजन से इस संबंध में पूछताछ की। किन्तु बच्चे व परिजन भी नहीं बता पा रहे आखिर उसने पत्नी की क्यों हत्या की है।

#### कर्ज में डूबा था

कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मोबाइल चेट से पता चला है पति कर्ज में डूबा हुआ था। उसने पत्नी की हत्या क्यों की, इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

**- रजनीश सिंह**
तोरवा टीआई

# बेकाबू बोलेरो मौत बनकर दौड़ी, दो कार, दो स्कूटी महिला को टक्कर मारकर मकान में घुसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





बेकाबू बोलेरो के चालक तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दो कार, दो बाइक को टक्कर मारते हुए एक दुकान में गाड़ी घुसा दी, हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 4 जुलाई की सुबह 11 बजे बोलेरो क्रमांक एमपी 65 जेडबी, 4755 का ड्राइवर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए मुक्तिधाम की ओर से कपिल नगर की ओर जा रहा था। चालक ने नियंत्रण खो दिया और राजस्व कालोनी मोड़ के आगे सड़क किनारे खड़ी एक कार को टक्कर मारकर दूसरे साइड में जाकर एक कार क्रमांक सीजी 10 एससी, 1738, स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीजी, 9532 व स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीआर, 2216 को को रौंदते हुए एक महिला को टक्कर मारकर एक मकान के गेट को तोड़ते हुए घर में गाड़ी को घुसा दी। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ड्राइवर नशे के हालत में गाड़ी चला रहा था। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बोलेरो जब्त कर अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।




# शासन ने जारी की राशन दुकानों की लंबित कमीशन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उचित मूल्य राशन दुकानदारों की लंबित कमीशन की राशि सहित अन्य मांगों को लेकर जो संघर्ष चल रह था वह पूरा होने जा रहा है। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों एवं विक्रेता कल्याण संघ की सात सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिन पूर्व ही रायपुर बैठक हुई थी, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय हुए हैं। इसके साथ राशन दुकानदारों की लंबित कमीशन की राशि भी शासन द्वारा जारी कर दी गई है।

संघ की ओर से 24 जून को खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। इसमें से कुछ मांगों को तत्कल निराकरण किया गया था, जबकि अन्य विषयों पर सभी संगठनों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित कर समाधान निकालने पर सहमति बनी थी। इसी के तहत 2 जुलाई को खाद्य संचालक फरिहा आलम सिद्दकी की अध्यक्षता में रायपुर में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के तीनों राशन दुकानदार संगठनों के पांच-पांच प्रतिनिधियों के साथ नागरिक आपूर्ति निगम, विपणन विभाग तथा खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया मध्यांह भोजन, पूरक पोषण आहार, अमृत नमक योजना, वर्ष 2021 से 2026 तक का लंबित कमीशन, वर्ष 2025-26 का बारदाना भुगतान तथा एनएफएसए एवं सीजीएफएसए की मार्जिन राशि सहित 165 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं, जिनमें से 43 करोड़ रुपए दुकानदारों के खातों में जारी भी किए जा चुके हैं।

■ प्रदेश की राशन दुकानों के सभी संगठनों साथ हुई संयुक्त बैठक

#### 697 दुकानदारों को मिलेगी राशि

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि 2025-26 का बारदाना राशि 51 करोड़ रुपए मार्कफेड संचालनालय से जारी किया गया है। पूरक पोषण मध्यांह भोजन छात्रावास अमृत नमक आंगनबाड़ी अन्य मद की राशि 38 करोड़ रुपए भेजी गई है। इस तरह 165 करोड़ रुपए एनएफएसए मद की राशि जारी कर दी गई है, जिसमें से 77 करोड़ रुपए का बिल लग गया है एवं 40 करोड़ रुपए रिलीज किया गया है। बिलासपुर जिले के 697 राशन दुकानों की लंबित राशि जैसे अमृत नमक पूरक पोषण आहार मध्यांह भोजन छात्रावास आंगनबाड़ी की राशि 1 करोड़ 76 लाख रुपए जारी करने बिल बनाकर ट्रेजरी को भेज दिया गया है।



## खबर संक्षेप

### डेढ़ करोड़ की लागत से पांच गांव में बनेंगे महतारी सदन

**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायत में महतारी सदन योजना के तहत महतारी सदन भवन का निर्माण होगा। प्रति भावनाओं के लिए 30-30 लाख स्वीकृत की गई है। श्री साव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में महतारी सदन योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण कार्यों की अनुशंसा जारी की गई। जिसे शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अनुशंसित कार्यों का स्वीकृति प्रदान किया गया। यह योजना ग्रामीणों महिलाओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। गांव में इस भवन के निर्माण से प्रधानमंत्री के मंशानुरूप ग्रामीण विकसित भारत से जुड़ेंगे। राज्य की भाजपा सरकार ग्रामीण अंचल में मूलभूत अधोसंरचना पर कार्य किया जा रहा है। कोसमतरा, हरनाचाका, ढ़ोलगी, तिलकपुर भालूखोंदरा में 30-30 लाख की लागत से कुल एक करोड़ पचास लाख की लागत से यह निर्माण होगा।

### बरेला में राकेश सिंह, दीपक एवं विजय को मिला दायित्व

**जरहागांव।** जिले की नवीन नगर पंचायत बरेला के लिए ठाकुर राकेश सिंह बैस, दीपक अग्रवाल एवं विजय पात्रे को एल्डरमैन के रूप में मनोनीत किया गया है। नगर निकाय प्रशासन में एल्डरमैन का पद महत्वपूर्ण माना जाता है। मनोनीत एल्डरमैन नगर पंचायत की सामान्य एवं विशेष बैठकों में सहभागिता करते हुए स्थानीय विकास से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा तथा जनसमस्याओं के समाधान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## निधन

### शरण सहगल

**बिलासपुर।** सहगल गली सरकंडा निवासी रिटायर्ड प्रिंसिपल



सुश्री शरण सहगल (98 वर्ष) का निधन 4 जुलाई को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 जुलाई को सुबह 11.30 बजे निकलेगी।

## सूने मकान पर चोरों ने बोला था धावा

# चोरी का खुलासा: 11 नग सोने के लाकेट और नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सिटी कोतवाली पुलिस ने घर के आलमारी में रखे नकदी सोने के लॉकेट चोरी होने के मामले में आरोपी हेमंत अनंत 27 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

1 जुलाई को प्रार्थी मनीष अनंत, निवासी फंदवानीकांपा, थाना सिटी कोतवाली ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 जून को वह सब्जी खरीदने बाजार गया था। घर लौटने के बाद अगले दिन आलमारी की जांच करने पर उसमें रखी नकदी 2,000 एवं 11 नग सोने के लॉकेट गायब मिले। एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर हुई जांच में गांव के ही हेमंत अनंत और नाबालिग की संलिप्तता पाई गई। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने अपने चाचा के घर से चाबी निकालकर चोरी करना और सामान हेमंत के पास रखना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी हेमंत से चोरी के सभी 11 लाकेट और 2 हजार नकद बरामद



कर बीएनएस की धराओं के तहत कार्रवाई की। प्रकरण में आरोपी का अपराध धारा 317(5) बी.एन.एस. के अंतर्गत पाए जाने पर उक्त धारा जोड़कर आरोपी हेमंत अनंत को 3 जुलाई को गिरफ्तार कर 4 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। वहीं नाबालिग को किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

### सब्जी दुकान लगाने को लेकर विवाद

तखतपुर। सब्जी बेचने के लिए अपने स्थान पर व्यवस्थित कर रही महिला के साथ आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस के अनुसार मिशन कम्पाउण्ड निवासी मीनादास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह बड़े बाजार मे सब्जी बेचती थी, पर कुछ समय के लिए वह बिलासपुर अपने लड़की के पास चली गई थी जब वह वापस आकर 4 जुलाई को अपने पुराने स्थान पर सब्जी लगा रही थी तभी आरोपी दुर्गा व नोहर आकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए झुमाझटकी करने लगे। पुलिस ने 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### बस चालक ने दुपहिया वाहन को मारी टक्कर

तखतपुर। बस चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूपहिया वाहन चालक को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार मोछ निवासी धनंजय कुर्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 4 जुलाई को अपनी दूपहिया वाहन से मोछ जा रहा था ममता ढाबा के पास सामने की ओर से आ रही धनी बस चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## सहकारी समिति बेलपान में स्वास्थ्य शिविर और पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बेलपान में विभिन्न जनहित एवं किसान हितैषी कार्यक्रम आयोजित हुआ। शनिवार को समिति परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीणों एवं किसानों ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान समिति प्रबंधक दुष्यंत ठाकुर ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग, फसल उत्पादन बढ़ाने के उपाय तथा शासन की विभिन्न सहकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों से नई तकनीकों को अपनाकर खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाकर आय में वृद्धि करने का आह्वान किया। पौधरोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर गरीबा यादव समिति अध्यक्ष, राजू ठाकुर , बिसाहू कश्यप, सीताराम साहू रामफल श्रीवास, कुंज बिहारी, राजकुमार ठाकुर, अनिल पाली, सुरेंद्र रजक, विनोद , प्रमोद सिंह, बिसाहू कौशिक निरंजन कौशिक, निखिल, कृपा राम, जुगुल सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देवरहट में 29 स्कूली छात्रों को प्रदान की गई सायकल



लोरमी। ग्राम शासकीय हाईस्कूल देवरहट में सायकल वितरण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती योजना के तहत शासकीय हाईस्कूल में शाला विकास समिति अध्यक्ष द्वारा 29 छात्रों को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को सायकल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाला विकास समिति के अध्यक्ष ने ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य द्विवेदी, ग्राम सरपंच लखन ध्रुव, जनपद प्रतिनिधि प्रदीप साहू, पूर्व सरपंच राजू, छतु, स्कूल स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित रहे।

## प्रज्ञा औषधि वाटिका में रोपे गए 1 हजार आठ पौधे



तखतपुर। विभिन्न विभूतियों की स्मृति में प्रज्ञा औषधि वाटिका में 3 जुलाई को 1हजार आठ पौधो के रोपण अभियान का शुभांरभ किया गया। इस अवसर पर गोपाल सिंह ने इसे श्रेष्ठ यज्ञ बताया प्रत्येक समाज के व्यक्ति को एक पौधा रोपण हेतु अनुरोध किया। संयोजक नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि वाटिका में पारिजात, तुलसी, गिलोय, एलोवेरा, अर्जुन,बेल ,के पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सिद्धि क्षत्रिय, श्रीमती किरण साहू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को दी गई अनुदान योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



किसानों की आय बढ़ाने और कृषि के विविधीकरण को प्रोत्साहित करने की दिशा में ऑयल पाम (ताड़) की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ग्राम खैरा खुर्द में अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फील्ड निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों को ऑयल पाम की खेती से होने वाले आर्थिक लाभ, शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही अनुदान योजनाओं तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने प्रस्तावित ऑयल पाम प्लांटेशन क्षेत्र का अवलोकन कर किसानों से चर्चा की। इस दौरान खेती के सफल संचालन के लिए विद्युत कनेक्शन, सिंचाई व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि शासन द्वारा ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न अनुदान, तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों को इन योजनाओं का लाभ लेकर परंपरागत खेती के साथ लाभकारी फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऑयल पाम एक दीर्घकालिक एवं लाभकारी फसल है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। निरीक्षण के दौरान किसानों ने भी ऑयल पाम खेती के प्रति रुचि दिखाई तथा शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक और लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

## रोजगार की नई गारंटी, अब 125 दिन काम: वस्त्रकार



**तखतपुर।** वीबी जी राम जी के शुभारंभ पर ग्राम पंचायत बेलमुंडी में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें नए रोजगार की गारंटी दी गई, एक सौ के बजाय 125 दिन मिलेगा काम। समस्त ग्राम वासियो के साथ वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जोड़ा गया जो केंद्रीय मंत्री शिव राजसिंह चौहान के द्वारा शुभारंभ किया गया और सभी को मनरेगा को मॉडिफाई कर वीबी जी राम जी में बदलने की विशेषता को बताया गया। जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि यह रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण नई रोजगार योजना है जो पूरे देश में मनरेगा के स्थान पर लागू किया गया है अब ग्रामीण मजदूरों को 100 के स्थान पर 125 दिन की रोजगार की गांरेटी इसमें मिलेगी और इसमें सबसे बड़ी न्यूनतम मजदूरी 3 सौ रूपए किया गया है।

श्रीराम CARE हॉस्पिटल
नेहरू नगर, बिलासपुर 07752-455566, 9098100747
45 Super Deluxe Room
60 Bedded ICU / Neonatal Advanced NICU
10 Bedded State of Art Dialysis
NCV/EEG/EMG Study
24x7
आयुष्मान कार्ड, ESIS एवं ESIC से निःशुल्क इलाज
हार्ट अटैक में एंजयोप्लास्टी एवं पेसमेकर लगाने की सुविधा
डॉ. रूपेश श्रीवास्तव
डीएनबी कार्डियोलॉजी
लकवा, पैरालिसिस एवं ब्रेन स्ट्रोक विभाग
डॉ. नीलम साहू पुरी
डीआरएनबी न्यूरोलॉजी
डॉ. एमेन्द्र वाहने
डीएनबी, न्यूरो सर्जरी
कैंसर एवं कीमोथेरेपी विभाग
डॉ. सी. रहालकर
डॉ. ऋचा अग्रवाल
यूरोलॉजी विभाग
डॉ. शोभिक चंद्रा
एमसीएच यूरोलॉजी
डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन एंड क्रिटिकल केयर
डॉ. निताशा सोनी - एमडी मेडिसिन (डॉयरेक्टर)
डॉ. मो. जिशान हुसैन - डीएनबी मेडिसिन
डॉ. राजेश कुमार शर्मा - डीएनबी मेडिसिन
डॉ. निशांक कस्यप -डीएनबी फैमिली मेडिसिन
लिवर एवं गैस्ट्रो विभाग
एन्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी / ईआरसीपी की सुविधा
डॉ. प्रतीक छाबड़ा
डीआरएनबी (गैस्ट्रोइन्टेरोलॉजी)
अस्थि रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
डॉ. शान्तनु गुप्ता
एमएस आर्थोपेडिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ
रेडियो डाईग्नोसिस
डॉ. नितिन टहलियानी
डीएनबी, रेडियो डाईग्नोसिस
डॉ. अमित सोनी - डीएनबी (सर्जरी) - लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. प्रतीक अग्रवाल - डीएनबी (ईएनटी) - एन्डोस्कोपिक सर्जन
डॉ. सुमीत्रा ओटवानी - डीजीओ, गायनेकोलॉजी - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक कौशिक - एमडी (एनेस्थेसिया) - कीटिकल केयर स्पेशलिस्ट
डॉ. अभिषेक शर्मा - एमडीएस डेंटल - डेंटल केयर स्पेशलिस्ट
डॉ. अनुराग कुमार - एमसीएच - पिडियाट्रिक सर्जरी
डॉ. शशांक सिंह - डिप्लोमा पिडियाट्रिक्स
डॉ. श्रेया बोस चंद्रा - एमडी (पैथोलाजी) - पैथोलाजीस्ट
24x7 इमर्जेंसी
60 बिस्तरों का आईसीयू
माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
32 स्लाईस सिटी स्कैन
एडवांस्ड कैथ लेब
कैंसर सर्जरी
Central and State Govt. से अनुबंधित अस्पताल : Coal India (SECL, NCL, WCL), SECR, FCI, GGU, SBI, CSEB, IRCON, ESIC/ESIS, GIC इंश्योरेंस एवं TPA से कैशलेस इलाज की सुविधा

## खबर संक्षेप

### एलएलएम का कोर्स नहीं हुआ पूरा परीक्षा स्थगित करने की मांग



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध विधि कालेजों में एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 10 जुलाई से प्रस्तावित है, लेकिन अभी एलएलएम का कोर्स पूरा नहीं हो पाया है, इसलिए एनएसयूआई द्वारा परीक्षा स्थगित किए जाने की मांग की जा रही है और शनिवार को इस संबंध में कुलपति प्रो. एलपी पटैरिया से मिलकर अवगत कराया गया है। एनएसयूआई के प्रतिनिधियों का कहना है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर में नियमित कक्षाएं लग नहीं पाई है, जिसके चलते आज तक किसी भी विषय का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पाया है। नियमानुसार 90 दिनों की शैक्षणिक अवधि भी पूरी नहीं हुई है इसलिए ऐसी स्थिति में परीक्षा लेना छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय होगा। एनएसयूआई के छात्रों ने कुलपति प्रो. एलपी पटैरिया से मिलकर मांग रखी कि 10 जुलाई से प्रस्तावित परीक्षा को तत्काल स्थगित किया जाए और विधि संकाय के सभी विषयों का शत-प्रतिशत पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जाए। आवश्यक कक्षाएं एवं शैक्षणिक अवधि पूरी कराई जाए और पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद ही सेमेस्टर परीक्षा की नई तिथि घोषित की जाए। उन्होंने अपने मांग पत्र में परीक्षा स्थगित नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है, वहीं कुलपति प्रो. पटैरिया ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए आगे का निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। कुलपति से मिलने वालों में एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष सुमित शुक्ला, महासचिव प्रवीण साहू सहित अन्य छात्र शामिल रहे।

### 4सी एयरपोर्ट बनने से क्षेत्र में होगा पर्यटन स्थलों का विकास संभव




**बिलासपुर।** जिले के आसपास पर्यटन की असीम संभावना होते हुए भी सरकार द्वारा बिलासा एयरपोर्ट को विकसित नहीं किया जा रहा है। कोरबा के सतरेंगा,चैतुरगढ़, अचानकमार टाइगर रिजर्व व अमरकंटक जैसे पर्यटन एयरपोर्ट के महज 100 किमी की रेंज में है। जिसमें पर्यटन रोजगार के सर्वाधिक अवसर भी है इसके बावजूद बिलासा एयरपोर्ट में महज एक फ्लाइट की सुविधा है। यह बात हवाई सुविधा संघर्ष समिति ने धरना प्रदर्शन के दौरान कही। समिति ने कहा बिलासा एयरपोर्ट से महानगरों तक नियमित फ्लाइट उपलब्ध होने पर बिलासपुर और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में पर्यटन का विकास जल्द होगा। रायपुर से अमरकंटक पहुंचने के लिए 6 घंटे लगते है। सतरंग और चतुरगढ़ के लिए 4 से 5 घंटे लगता है। बिलासपुर एयरपोर्ट से लगने वाला समय आधा रह जाता है। समिति ने कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले पर्यटक 2 घंटें की फ्लाइट के बाद 6 घंटें की सड़क यात्रा नहीं करता है। इस हिसाब से बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट बनने और उड़ान की सुविधा उपलब्ध मिलने से क्षेत्र में पर्यटन स्थलों का विकास भी संभव हो सकेगा। बिलासा एयरपोर्ट के 4 सी केटेगरी का एयरपोर्ट होने से राज्य के उत्तरीय क्षेत्रों का विकास होगा, जिससे इन्वेस्टमेंट रायपुर के साथ ही उत्तरीय छत्तीसगढ़ में भी होगा। शनिवार को रवि बनर्जी, बद्री यादव, अनिल गुलहरे, संतोष पीपलवा, परसराम कैवर्त,रामशरण यादव, विभूतिभूषण गौतम,मनोज तिवारी, महेश दुबे, मजहर खान, अमर बजाज, विजय दशहरा, अकील अली आदि उपस्थित रहे।

## सहकारिता सप्ताह

### सहकार से समृद्धि संगोष्ठी में याद किए गए सहकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले लोग

# नई पीढ़ी को सहकारिता के क्षेत्र में आगे आना चाहिए

**बिलासपुर।** सहकारिता सप्ताह के तहत शनिवार को बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक बृहस्पति बाजार में सहकार से समृद्धि विषय पर आयोजित सहकारिता संगोष्ठी में रामगोपाल तिवारी से लेकर सहकारिता के क्षेत्र में काम करने और योगदान देने वाले लोगों को याद किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अतिथियों ने सहकारिता सेक्टर की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि नई पीढ़ी को सहकारिता के क्षेत्र में आना चाहिए।





बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा सहकारिता दिवस पर आयोजित सहकारिता संगोष्ठी एवं सहकारी विभूतियों के सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों बैजनाथ चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष अपेक्स बैंक बैजनाथ चन्द्राकर, बिलासपुर भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के पूर्व संचालक मुरलीधर शर्मा और बिलासपुर सहकारी गृहनिर्माण समिति के अध्यक्ष शेखर मुदलियार ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बिना संस्कार नहीं सहकार और बिना सहकार नहीं उद्धार, यह सूक्ति भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में सहकारिता के महत्व को पूरी तरह परिभाषित करती है। सहकार का अर्थ है मिल-जुलकर काम करना। जब समाज का हर वर्ग विशेषकर ग्रामीण और वंचित वर्ग एक समान उद्देश्य के लिए एकजुट होकर प्रयास करता है तो वह सहकारिता बन जाता है। भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया 'सहकार से समृद्धि' विजन इसी दर्शन पर आधारित है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर राष्ट्र का विकास करना है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने सहकारिता की दशा और दिशा पर कहा कि नई पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने और उससे होने वाले लाभ को बताना जरूरी है, ताकि वे सहकारिता के माध्यम से किसान, महिलाएं और ग्रामीण जनजीवन खुशहाल हो सकें। उन्होंने कहा कि अब की पीढ़ी सहकारिता में दिलचस्पी नहीं ले रही है। भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने कहा कि कोआपरेटिव सोसायटी की दशा खराब है। केन्द्र सरकार ने जो टू-टायर सिस्टम लाया है, वह बहुत अच्छा है। अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर ने कहा कि किसान बिना सहकारिता सोसायटी असंभव है, लेकिन अब सहकारिता आंदोलन कमजोर स्थिति में पहुंच गया है, इसलिए इस आंदोलन को आगे बढ़ाने की जरूरत है और इसके लिए आने वाली पीढ़ी को सहकारिता के क्षेत्र में आना चाहिए। जिला सहकारी बैंक के पूर्व संचालक मुरलीधर शर्मा ने कहा कि सहकारिता आंदोलन से बिलासपुर का संबंध रहा है और पंडित रामगोपाल तिवारी का बिलासपुर से लेकर देश और विश्व में सहकारिता के क्षेत्र में योगदान रहा है। उन्होंने सहकारिता सेक्टर में भ्रष्टाचार और विवाद एवं उनके निपटारे में विलंब को लेकर भी अपनी चिंता जताई।

### सहकारिता संगोष्ठी में ये रहे उपस्थित

सहकारिता संगोष्ठी की शुरुआत बैंक के संचालक मनोज भंडारी के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर बैजनाथ चंद्राकर, मंगत राय अग्रवाल, मुरलीधर शर्मा, अशोक अग्रवाल, शेखर मुदलियार का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उपाध्यक्ष श्रीमती शशि सिंह, संचालकगण नारायण आवटी, अनिल खण्डेलवाल, मनोज भंडारी, अलका शर्मा, डॉ. सोमनाथ यादव, बबलू पमनानी, बीबी अग्रवाल, सीताराम जायसवाल, टी मोइत्रा, एमडी दुर्जती मुखर्जी, शुभम मित्तल ने सम्मानित किया। समारोह का संचालन संचालक सोमनाथ यादव ने तथा आभार व्यक्त कुमारी अलका शर्मा ने की। इस अवसर पर नथमल शर्मा, पीआर यादव, रामशरण यादव, प्रमोद नायक, डॉ. तरू तिवारी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, मोहन पुजारी, राजेंद्र ठाकुर, अशफाक हुसैन, श्रीनारायण तिवारी, श्यामनारायण गुप्ता, ऋषि पांडेय, अर्जुन सिंग, अलका चोपड़े, सोमेश सूबेदार आदि उपस्थिति रहे।

# कालेजों में एडमिशन की फर्स्ट लिस्ट जारी, कटऑफ 97%

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में साइंस कालेज को छोड़कर बाकी सभी कालेज गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों में यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के लिए पहली लिस्ट जारी हो गई है। पहली लिस्ट में काफी हायर कटऑफ गया है और बीएससी व बीकॉम में 96-97 प्रतिशत अधिकतम कटऑफ रहा तो कहीं-कहीं बीए में भी 76 से लेकर 97 प्रतिशत कटऑफ गया है। कालेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पहली लिस्ट जारी होने के साथ ही एडमिशन लेने का सिलसिला शुरू हो गया है। कुछ कालेजों में गुरुवार को ही लिस्ट निकाल दी गई थी, वहीं अधिकांश कालेजों में शुक्रवार को पहली लिस्ट चस्पा की गई है। इसलिए कालेजों में एडमिशन के लिए मेरिट आधार पर लिस्ट निकालने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा।

यह लिस्ट मेरिट आधार पर निकाली गई है। अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में जिन फ्रेशर छात्र-छात्राओं ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था, उनकी लिस्ट यूनिवर्सिटी द्वारा संबंधित कालेजों को भेज दी गई थी। इस लिस्ट से ही कालेजों में मेरिट निकाली गई और उसके आधार पर पहली लिस्ट जारी की गई है। पहली लिस्ट में काफी हायर कटऑफ गया है। बीएससी बायो, गणित सहित बीकॉम में तो हर साल हायर कटऑफ जाता है, किन्तु बीए में भी पहली लिस्ट में कहीं-कहीं हायर कटऑफ देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख कालेजों में गवर्नमेंट साइंस कालेज में अभी लिस्ट नहीं निकाली गई है, जबकि आटोनामस गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स कालेज सहित गवर्नमेंट जेपी वर्मा कालेज व प्राईवेट कालेजों में सीएमडी एवं डीपी विप्र कालेज में भी साइंस, आर्टस और कामर्स तीनों संकायों में 90 प्रतिशत से ऊपर ही कटऑफ रहा है।

### जीडीसी में लिस्ट जारी साइंस कालेज में नहीं हुई

आटोनामस कालेजों को अपने स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया करना है। इसलिए जीडीसी व साइंस कालेज में से जीडीसी में तो पहली लिस्ट जारी कर दी गई है और उस लिस्ट के आधार पर एडमिशन भी चालू हो गया है। दूसरी तरफ साइंस कालेज में तिथि आगे बढ़ा दी गई है जिसके कारण वहां अभी लिस्ट नहीं निकाली गई है। साइंस कालेज में 5-6 जुलाई को लिस्ट निकाली जाएगी।

### सीएमडी कालेज

सीएमडी कालेज में भी यूजी फर्स्ट सेमेस्टर के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। यहां पर बीएससी बायो में जनरल में अधिकतम 93 प्रतिशत और न्यूनतम 80.8 प्रतिशत तथा बीएससी मैथ्स में अधिकतम 97.6 प्रतिशत व न्यूनतम 66.67 प्रतिशत कटऑफ रहा।

### जेपी वर्मा कालेज

शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा जरहाभाठा कालेज में यूजी फर्स्ट सेमेस्टर के लिए पहली लिस्ट जारी कर दी गई है। इस लिस्ट के अनुसार बीएससी बायोलाजी में 94.6 प्रतिशत व बीएससी गणित में 97 प्रतिशत कटऑफ रहा।

### जारी की गई है सूची

कालेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नए सत्र के लिए एडमिशन की मेरिट आधार पर पहली लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमें जिन छात्र-छात्राओं के नाम आए हैं उन्हें आनलाइन शुल्क जमा कर एडमिशन लेना है।

-एसएल निराला
शासकीय जेपी वर्मा कालेज

### एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, दी चेतावनी

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी में शनिवार को एनएसयूआई द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। आईटीआई में व्याप्त अव्यवस्थाओं, प्राचार्य की लगातार अनुपस्थिति एवं छात्रों के उत्पीड़न को लेकर प्रशासन समिति के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

आईटीआई कोनी में वर्तमान में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है और सोमवार से परीक्षाएं भी शुरू होने वाली है। शनिवार को एनएसयूआई द्वारा कोनी में धरना प्रदर्शन और नारेबाजी की। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रवेश और परीक्षा के समय संस्था के प्राचार्य उपस्थित नहीं रहते हैं और लगातार अनुपस्थित रहते हैं, जिससे आईटीआई के विद्यार्थियों की समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संस्थान के कुछ कर्मचारियों द्वारा छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है।


# न्यू जनरेशन के 'झमाझम सेल' में 50% तक की भारी छूट

बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** फैशन प्रेमियों के लिए न्यू जनरेशन का 'झमाझम सेल' पूरे उत्साह के साथ शुरू हो चुका है। पहले ही दिन से ग्राहकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। स्टोर में देश-विदेश के 100 से अधिक नामी ब्रांड्स पर 50% तक की आकर्षक छूट दी जा रही है, जिससे हर आयु वर्ग के लोग अपनी पसंदीदा शॉपिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। न्यू जनरेशन हमेशा से अपने विशाल ब्रांड कलेक्शन, बेहतरीन गुणवत्ता और ग्राहकों के भरोसे के लिए जाना जाता है। इसी विश्वास को और मजबूत करते हुए इस बार का झमाझम सेल पहले से भी बड़े स्तर पर आयोजित किया गया है, जहाँ फैशन, बचत और वैरायटी का शानदार संगम देखने को मिल रहा है। इस मेगा सेल में महिलाओं और पुरुषों तथा बच्चों के लिए आकर्षक परिधान यहां मौजूद हैं। इसके अलावा कैसुअल वियर, फारमल वियर, डेनिम, फैंशन एसेसरीज सहित हर कैटेगरी में शानदार विकल्प उपलब्ध हैं। चाहे ऑफिस के लिए स्टाइलिश आउटफिट हो, किसी शादी या त्योहार के लिए ट्रेडिशनल ड्रेस या फिर बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन—हर जरूरत का बेहतरीन कलेक्शन ग्राहकों को एक ही छत के नीचे मिल रहा है। स्टोर में 100 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांड्स के नवीनतम कलेक्शन उपलब्ध हैं। ग्राहकों को हर खरीदारी पर आकर्षक बचत के साथ प्रीमियम क्वालिटी का अनुभव मिल रहा है। न्यू जनरेशन प्रबंधन ने बताया कि लगातार बढ़ती महंगाई के दौर में परिवारों को बेहतर ब्रांड्स कम कीमत में मिल सकें, इसी सोच के साथ यह विशेष सेल आयोजित की गई है।





## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोट:-**
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,
..........................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम........................................ 2. पिता/पति का नाम..........................................
3. जन्मतिथि........................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम......................पो..............................तहसील.............................. जिला..............................
पिन कोड..........................................मोबाईल नं. 1........................2........................व्हाट्सअप नं........................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)..........................................
7. शैक्षणिक योगयता:-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


### अभा अग्रवाल सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई का बहुप्रतीक्षित शपथ ग्रहण समारोह 5 जुलाई को राजधानी रायपुर में होगा। विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में नई प्रांतीय कार्यकारिणी वर्ष 2026-2031 के लिए शपथ लेगी। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई) की वर्ष 2026-2031 की नई प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 5 जुलाई, रविवार को सुबह 10 बजे समता कालोनी स्थित मेक ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नन्दूराम जैन, अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन सोहनलाल जिंदल, राष्ट्रीय संरक्षक विनीत लोहिया, राष्ट्रीय संरक्षक सुरेश गोयल, राष्ट्रीय संरक्षक विजय गट्टा, उद्योगपति मुंबई विजय गट्टा तथा ईश्वर प्रसाद अग्रवाल विशेष अतिथि रहेंगे। आयोजन की जिम्मेदारी प्रांतीय अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री महेश अग्रवाल तथा प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल संभाल रहे हैं। इस समारोह में 2026-2031 के लिए नवगठित प्रांतीय कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ लिाई जाएगी।




# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## प्रेसवार्ता

### 19 से 26 तक होगा राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव



**बिलासपुर।** संस्कृति फाउंडेशन के तत्वावधान में 19 से 26 जुलाई तक राष्ट्रीय स्तर के मेगा सांस्कृतिक आयोजन "हमार छत्तीसगढ़ द कल्चर ऑफ आर्ट" का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं कोरियोग्राफर रूपेश समुंद्रे तथा सचिव प्रियंका तिवारी ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि संस्कृति फाउंडेशन के बैनर तले यह पहला बड़ा आयोजन होगा। इससे पूर्व वर्ष 2018 से इसी तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम "डी फॉर डांस" के माध्यम से आयोजित किए जाते रहे हैं। संस्था के पंजीयन के बाद अब इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर का स्वरूप दिया गया है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से प्रतिभागी पंजीयन करा रहे हैं। अब तक 200 से 300 प्रतिभागियों का पंजीयन हो चुका है। महोत्सव के दौरान डांस, सिंगिंग, मॉडलिंग, मेहंदी, रंगोली, फैंसी ड्रेस सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को कुल लगभग 5 लाख रुपये के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। संस्था ने बताया कि बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए आवास एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। प्रेसवार्ता में फाउंडेशन के अध्यक्ष रूपेश समुंद्रे, सचिव प्रियंका तिवारी, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर साक्षी तिवारी एवं सोशल मीडिया हैंडल शिवांश भगत उपस्थित रहे।

## उपलब्धि

### छत्तीसगढ़ी फिल्म स्क्रीन इजराइल के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज

बिलासपुर । अभिनेता, निर्माता एवं निर्देशक अखिलेश पाण्डेय की छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म स्क्रीन ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। यह फिल्म इजराइल के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिब्रू भाषा में रिलीज हुई है। वहीं यह छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी फीचर फिल्म बन गई है। जिसे किसी विदेशी ओटीटी प्लेटफॉर्म ने खरीद कर विश्व स्तर पर दिखाया। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमण डेका ने बिलासपुर में आयोजित 'स्क्रीन' के ट्रेलर प्रदर्शन समारोह में अखिलेश पाण्डेय को छत्तीसगढ़ी कला एवं फिल्म उद्योग में योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन भी उपस्थित थीं। 'स्क्रीन' ने अब तक कई देशों के फिल्मोत्सवों में अपनी पहचान बनाई है।अफ्रीका मालाबो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन हुआ है। तमिलनाडु के रोहिप इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 में 'बेस्ट इंडियन फीचर फिल्म' का अवार्ड मिला है। महाराष्ट्र जलगांव इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अखिलेश पाण्डेय को 'बेस्ट एक्टर'* का अवार्ड मिला है। कटक ओडिशा के निर्मल पाण्डेय स्मृति इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'सर्वश्रेष्ठ सामाजिक जागरूकता फिल्म' का पुरस्कार मिला है। काठमांडू नेपाल व अहमदाबाद गुजरात इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में नॉमिनेशन, यूएसए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन इस फिल्म की उपलब्धि है।




## आयोजन

### हंगर सेवा के साथ मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट हंगर सेवा के अंतर्गत सरकंडा स्थित कन्या शाला में प्रवेश उत्सव मनाया। हंगर सेवा भी की। क्लब की अध्यक्ष पीएमजेएफ संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप ने बच्चियों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी। इसके बाद सभी बच्चियों एवं आसपास के लोगों के लिए खिचड़ी का प्रसाद बंटवाया गया। जिसमें 500 लोग लाभान्वित हुए। हंगर सेवा क्लब डायरेक्टर सलमा बेगम ने की। इस मौके पर रीजन चेयरपर्सन अर्चना तिवारी, जोन चेयरपर्सन रश्मि लता मिश्रा, चांदनी सक्सेना, शोभा त्रिपाठी, सुधा परिहार, उषा मुदलियार, शोभा चाहिल, किरण बाजपेई की उपस्थिति रही।

## वेकैंसी

### यूपीएससी ने ड्रग इंस्पेक्टर, असिस्टेंट इंजीनियर, कई पदों पर निकाली भर्ती

**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने ड्रग इंस्पेक्टर, असिस्टेंट इंजीनियर, लीगल ऑफिसर सहित कई पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इन पदों पर नौकरी करना चाहते है। वे उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के जरिए कुल 450 योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति जाएगी। आवेदन करने की लास्ट डेट 17 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की पदानुसार अधिकतम आयु 35, 38 और 40 वर्ष निर्धारित की गई है। रिजर्व केटेगरी के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में कुछ विशेष छूट भी दी जाएगी। विभिन्न पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पद से संबंधित विषय में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना होगा। जनरल केटेगरी के उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 25 रुपए निर्धारित की गई है। इसके साथ ही एससी एवं एसटी, महिला और दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट दी गई है।

# ड्रोन, एग्रीकल्चर, हेल्थकेयर, ब्लॉकचेन एवं एजेंटिक एआई पर विशेषज्ञों ने साझा किए नए शोध एवं अनुभव

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर शोधार्थियों एवं विशेषज्ञों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। सम्मेलन के दौरान देश-विदेश से आए शोधार्थियों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए अपने नवाचारी शोध कार्यों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समापन समारोह के मुख्य अतिथि ट्रिपल आईटी नया रायपुर के निदेशक प्रो ओपी व्यास थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ललित प्रकाश पटेरिया ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रो राकेश शर्मा अमेरिका, प्रो. आशीष गाडेकर मॉरीशस, प्रो. आशीष रस्तोगी, ओमान तथा प्रो. अभिषेक दुबे, ओमान उपस्थित रहे। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम तथा सम्मेलन के प्रोग्राम चेयर डॉ एच एस होता भी मंचासीन थे। दूसरे दिन आयोजित पाँच समानांतर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन तकनीकी सत्रों में 150 से अधिक शोध-पत्रों का वाचन एवं प्रस्तुतीकरण किया गया। इन सत्रों में शोधार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स साइबर सुरक्षा, ड्रोन प्रौद्योगिकी, स्मार्ट एग्रीकल्चर, हेल्थकेयर, ब्लॉकचेन, क्लाउड कंप्यूटिंग तथा उभरती हुई डिजिटल तकनीकों पर आधारित अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों एवं सत्र अध्यक्षों ने शोधार्थियों को उनके शोध की गुणवत्ता, नवाचार एवं व्यावहारिक उपयोगिता के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रदान किए। सम्मेलन के दौरान आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यानों की श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों ने नवीनतम तकनीकों एवं शोध की दिशा पर अपने विचार साझा किए।






प्रोफेसर आशीष रस्तोगी ने डेटा एनालिसीस टूल्स विषय पर व्याख्यान देते हुए आधुनिक डेटा विश्लेषण तकनीकों, शोध में उनके प्रभावी उपयोग तथा उद्योग एवं अकादमिक क्षेत्र में उनकी बढ़ती उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### डिजिटल लेन-देन, डेटा सुरक्षा की चर्चा

इसके पश्चात ट्रिपल आईटी के प्रोफेसर विशाल त्रिपाठी ने एग्रीकल्चर ड्रोन टेक्नालॉजी विषय पर व्याख्यान देते हुए कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक की बढ़ती भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। ऑनलाइन माध्यम से डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस एस मिश्रा ने ब्लाक चैन टेक्नालॉजी आर्टिफिशियल इंटलीजेंस विषय पर व्याख्यान देते हुए ब्लॉकचेन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समन्वित उपयोग, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, डेटा सुरक्षा तथा भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था में इन तकनीकों की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसी क्रम में लखनऊ के प्रोफेसर सुभाष यादव ने महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एआई तकनीक का उपयोग रोगों की पहचान, संक्रमण की भविष्यवाणी, स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंधन तथा चिकित्सा अनुसंधान में प्रभावी रूप से किया जा सकता है।

### शोधकर्ताओं अनुभव किया साझा

द्वितीय दिवस के सभी तकनीकी सत्रों एवं विशेषज्ञ व्याख्यानों में शोधार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। सम्मेलन ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत शोधकर्ताओं को अपने शोध कार्यों के आदान-प्रदान, नवीन विचारों पर चर्चा तथा भविष्य के सहयोग के लिए एक प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालए के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में दो दिनों तक विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचार आधारित शोध पर व्यापक विचार.विमर्श हुआ तथा देश.विदेश के विशेषज्ञोंए शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## राममंदिर में संकष्टी चतुर्थी पर 648 भक्तों ने कराया अभिषेक

**पूजन के बाद भगवान का विशेष श्रृंगार**





बिलासपुर। तिलक नगर स्थित श्री राम मंदिर में संकष्टी चतुर्थी अभिषेक किया गया। इस बार कुल 648 भक्तों ने संकष्टी चतुर्थी अभिषेक कराया। भगवान का श्रृंगार आयुषि चंदेल ने करवाया। अभिषेक, पूजन का कार्यक्रम आचार्य मधुसूदन अड़वे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, वेंकटेश पाटिल, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। अंत में सभी भक्तों को चने का प्रसाद दिया गया। जिन भक्तों ने अभिषेक हेतु रसीद कटवाए हैं, उनके लिए प्रसाद की व्यवस्था पूर्ववत रही। आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 2 अगस्त रविवार को होगा। आगामी 25 जुलाई को शाम 5 बजे देवशयनी एकादशी पर शहर के प्रमुख मंदिरों में दर्शन हेतु श्री राम मंदिर तिलकनगर से दिण्डी यात्रा निकाली जाएगी।

## बागेश्वरधाम मंडल ने लिया सेवा, साधना का संकल्प

बागेश्वरधाम हिन्दू राष्ट्र सुंदर कांड मंडल बिलासपुर द्वारा बागेश्वरधाम सरकार पूज्य गुरुदेव पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के अवतरण दिवस पर शनिवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने गुरुदेव के हिंदू राष्ट्र बनाने के सपने को साकार बनाने में सहयोग करने एवं सेवा, संस्कार व साधना का संकल्प लिया।

### गौ सेवा कर स्कूलों में कॉपी, पेंसिल का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंडल के मुख्य प्रभारी प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि नंदिनी गौशाला गोकुल नगर में गौ सेवा के तहत प्रातः साढ़े 7 से 9 बजे तक गौ माता की पूजा-अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती की गई।

गौ माता को चना, गुड़, लड्डू व केला खिलाया गया। अंत में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद शासकीय हाईस्कूल व प्राथमिक शाला सैदा में बच्चों को कॉपी, पेन, फल, बिस्किट व हनुमान चालीसा का वितरण किया गया। शाम को रेल्वे परिक्षेत्र में सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बागेश्वर धाम मातृत्व शक्ति सुंदरकांड मंडल प्रभारी प्रतिमा श्रीवास्तव, सचिव रीता खरे, युवा प्रभारी मातृशक्ति प्रमुख सुश्री हिमानी सिंह, मीडिया प्रभारी तारिणी शुक्ला, प्रवक्ता तृप्ति पांडेय, धर्म प्रचारक संगीता तिवारी, सुरक्षा प्रभारी लिली सिंह, सेवा प्रभारी निरुपमा शर्मा, गौ सेवा प्रभारी सरिता तिवारी, रेखा दुबे, रेखा देवी, कविता तिवारी, शकुंतला शर्मा, स्मिता साहू उपस्थित थे।

## ड्राफ्टिंग के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को कराया अवगत

**बिलासपुर।** आईसीएआई की बिलासपुर शाखा द्वारा कमेटी ऑन कमर्शियल लॉज़ एंड इकोनॉमिक एडवाइजरी आईसीएआई के तत्वावधान में 360 डिग्री ऑन ड्राफ्टिंग विषय पर एक अर्धदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता ने अनेक व्यवहारिक उदाहरणों से प्रतिभागियों को ड्राफ्टिंग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया तथा सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

आईसीएआई भवन व्यापार विहार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए पंकज शाह सेंट्रल काउंसिल सदस्य आईसीएआई ने सदस्यों को व्यवसायिक एवं विधिक ड्राफ्टिंग के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। पार्टनरशिप डीड व वसीयत का विधिक ड्राफ्टिंग, फेसलेस असेसमेंट एवं अपील के वर्तमान दौर में ड्राफ्टिंग की तकनीक व सावधानियों के बारे में व्यवहारिक व ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान बदलते कानूनी एवं कर परिवेश में सटीक, स्पष्ट एवं प्रभावी ड्राफ्टिंग एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की महत्वपूर्ण व्यवसायिक क्षमता है। बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने सेमिनार में भाग लेकर विषय का लाभ प्राप्त किया।



आईसीएआई की बिलासपुर शाखा का सेमिनार

**कॉलेज से पहले अभिभावक करियर काउंसलरों से ले रहे सलाह**

## स्टूडेंट्स रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुरूप करें कॅरियर का चयन

**कार्नर न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही समय पर उचित करियर का चयन बेहद जरूरी है। अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थी और उनके अभिभावक करियर चयन को लेकर असमंजस में रहते हैं। सही मार्गदर्शन के अभाव में कई छात्र ऐसी दिशा चुन लेते हैं, जो आगे चलकर तनाव, असंतोष और असफलता का कारण बनती है। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा जीवन में सफल बने, लेकिन सफलता तभी संभव है, जब बच्चे की रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुरूप करियर का चयन किया जाए। विशेषज्ञ का मानना है कि बच्चों की करियर काउंसलिंग समय की जरूरत बन गई है। काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और मानसिक स्तर को समझकर उन्हें सही दिशा दी जा सकती है। कई बार अभिभावक अपनी इच्छाएं बच्चों पर थोप देते हैं, जिससे बच्चे अपनी पसंद का क्षेत्र नहीं चुन पाते और बाद में परेशान होते हैं।




### सोच-समझकर करें क्षेत्र का चयन

10वीं और 12वीं के बाद लिया गया निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करता है। इसलिए इस समय विषयों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर क्षेत्र में रोजगार और बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। सफलता केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनने तक सीमित नहीं है। कॉमर्स, आट्र्स, कृषि, मीडिया, डिजाइनिंग, खेल, संगीत, आईटी, होटल मैनेजमेंट समेत कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए उज्ज्वल संभावनाएं मौजूद हैं। जरूरी यह है कि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय और क्षेत्र का चयन करें। सही समय पर सही जानकारी और उचित मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं।

### मोबाइल जरूरत है उसे नशा न बनाएं

डॉ. ने अभिभावकों को भी सलाह देते हुए कहा कि बच्चों से पहले उनके माता-पिता को मोबाइल से दूरी बनानी होगी, तभी बच्चों को भी डांट पायेंगे। जिसके चलते आजकल बच्चों और अभिभावकों के बीच ठीक से बातें नही हो पाती, न ही बच्चें समय अभाव के कारण अपनी मन की बातें शेयर कर पाते है और ऐसे में जब करियर चुनाव की बात आती है तब परिवार या समाज के प्रेशर के कारण सुसाइड करने मजबूर हो जाते है। मोबाइल जरुरत है उसे नशा न बनाए। आज तकनीक के इस युग में पारंपरिक के साथ-साथ नए करियर विकल्प भी तेजी से उभर रहे हैं।

### पासआउट स्टूडेंट से संपर्क कर फीडबैक जानें

अभिभावक बच्चों पर अपना फैसला न थोपें। बच्चों से खुलकर बात करें और उनकी रुचि को समझें। जिसके बाद बच्चें की इच्छानुसार और किसी भी एक्सपर्ट से राय लेकर समय-समय पर उनका मार्गदर्शन करते रहे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कॉलेज या इंन्टीट्यूट में एडमिशन से पहले उस संस्थान के सत्यता की जांच अवश्य करें, केवल गूगल या सोशल मीडिया में फोटो देखकर एडमिशन न कराएं। वहां के पासआउट स्टूडेंट से संपर्क कर फीडबैक जाने तो ही बच्चों को आगे करियर बनाने में सफलता मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

### दुर्लभ सत्संग एवं श्रीराम कथा महोत्सव कल से

**बिलासपुर।** बेलगहना नगर स्थित बालक प्राथमिक शाला के दुर्गा पंडाल में 6 जुलाई से दुर्लभ सत्संग एवं श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में व्यापक उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण है। आयोजन समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है तथा नगर को धार्मिक वातावरण के अनुरूप सजाया जा रहा है। आयोजन में ऋषिकेश से आए संत आनंद महाराज एवं पंकज महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का श्रवण कराएंगे।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर सीएम को ज्ञापन

**बोदरी।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष बिल्हा विधानसभा एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष, ओबीसी विभाग सुनील साहू ने नगर पालिका परिषद बोदरी के वार्ड क्रमांक 10, डड़हा में वर्षों से सड़क निर्माण नहीं होने की गंभीर समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। सुनील साहू ने बताया कि देश को आज़ाद हुए 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद नगर पालिका परिषद के इस वार्ड में आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। बरसात के दिनों में पूरा मार्ग कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे आम नागरिकों का आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं गंभीर मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुँच पाती, जिसके कारण मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को खाट (चारपाई) पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। यह किसी भी संवेदनशील समाज के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वार्ड क्रमांक 10, डड़हा बोदरी के समस्त ग्रामवासियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## ग्रामीणों ने की मरम्मत कराने की मांग

# सड़कों का हाल-बेहाल, स्कूली बच्चे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली रामगढ़-लालाकापा-बछेरा मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। बारिश में सड़कों पर गड्ढे होने से जलभराव हो रहा है जिससे राहगीरों एवं ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल को जोड़ने वाले मार्ग के साथ ही लालाकापा बछेरा मार्ग भी जर्जर है।

जिला मुख्यालय से 8 किमी की दूरी की यह सड़क जो कि बिलासपुर- रायपुर- कवर्धा बाईपास को जोड़ती है। इस मार्ग में आसपास के गांव जैसे भटगांव, बछेरा, लालाकापा के स्कूली बच्चों जो कि उच्च पढाई के अध्ययन के लिए जिला मुख्यालय आना-जाना करते है। उन बच्चों को जर्जर गड्ढ़ेयुक्त सड़क से दुर्घटना एवं स्कूल ड्रेस गंदे होने का भय बना रहता है। ग्रामीण एवं कामकाजी नागरिकों को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

### निर्माण कार्य से बच्चों को स्कूल आने जाने में हो रही समस्या

**तखतपु।** प्राथमिक शाला दैजा परिसर के सामने खोदाई कर देने से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में और मध्यान्ह भोजन संचालित करने में असुविधा हो रही है जिसकी सूचना प्रधानपाठक रामावतार बघेल ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी और तहसीलदार को दी है कि गांव में एक अतिरिक्त कक्ष बना हुआ है उसके के सामने सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है जो स्कूल परिसर के अंदर में है स्कूल परिसर के अंदर बनाए जाने से विद्यालय में असुविधा हो रही है। इसके साथ ही उस सामुदायिक भवन में विद्यालय के नल के कनेक्शन से पानी दिया जा रहा है जिसके कारण विद्यालय में जल पूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे विद्यालय परिसर में बच्चों को माध्यन्ह भोजन के लिए पानी नही मिल पा रहा है। जिस पर कार्यवाही की मांग की है।



### बच्चों को डायरिया से बचाने अभियान शुरू

**मुंगेली।** जिले में बच्चों को डायरिया जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से स्वच्छ जल, समुचित उपचार डायरिया से बचें हर बार की थीम पर 31 अगस्त तक स्टाप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अभियान को जन–जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शीला साहा ने बताया कि 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में डायरिया मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। यदि समय पर पहचान, उचित उपचार और जागरूकता सुनिश्चित की जाए तो इससे होने वाली अधिकांश मौतों को रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय द्वारा राष्ट्रव्यापी स्टाप डायरिया अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका संदेश है।



## बिल्हा में पानी की किल्लत को लेकर फूटा जन आक्रोश

**बिल्हा।** नगर पंचायत में विगत तीन-चार महीनों से नगर की समस्या का समाधान नहीं होने के कारण स्थानीय जनता में आक्रोश व्याप्त है। सबसे विकट स्थिति जल आपूर्ति की है। यहां दो टाइम पानी की पूर्ति नगर पंचायत के द्वारा की जाती थी आज वहां एक टाइम भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

■ पार्षदों और जनता ने नगर पंचायत अधिकारी को घेरा

पानी की सही समय पर सप्लाई नहीं होने के कारण यहां के कामकाजी लोगों एवं नौकरी पेशा वालों को पानी के लिए समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्षद एवं आमजनता बड़ी संख्या में नगर पंचायत अधिकारी अनीस सिंह ठाकुर से मिलकर शिकायत दर्ज कराई निराकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। वार्ड नंबर 6 के कांग्रेस पार्षद भावेश यादव वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद गोल्डी पंजवानी वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद श्रीमती लक्ष्मी शत्रुघ्न निषाद वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद सरस्वती घनश्याम डहरिया पार्षद अमृतलाल कौशल पूर्व पार्षद शत्रुघ्न निषाद राहुल तिवारी अनिल निर्मलकर गणेश निर्मलकर मुकेश ध्रुव अनिल यादव सूर्यांशु बंजारे प्रतीक मानिकपुरी छोटू यादव और बिल्हा नगर वासी पूर्व पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम डहरिया ने अपनी समस्याओं को बताया। इसी प्रकार कांग्रेस नेता भावेश यादव राहुल तिवारी सभी ने अपनी बात नगर पंचायत अधिकारी अनिल सिंह ठाकुर के सामने रखी।



## कलेक्टर ने दिए सफलता के मंत्र कहा-परिश्रम का कोई विकल्प नहीं

**पेंड्रा।** जिला प्रेस क्लब सह वाचनालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने छात्रों से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सफलता के स्पष्ट रणनीति, समर्पण और निरंतर अभ्यास जरूरी है।विद्यार्थियों को तीन-तीन घंटे के दो सत्रों में बैठकर लिखने का अभ्यास करें।

डॉ. देवांगन ने जोर देकर कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है और पसीना जितना तैयारी में बहेगा, परीक्षा कक्ष में सफलता उतनी ही आसान होगी।

उन्होंने छात्रों को अपनी कमजोरियों का ईमानदारी से विश्लेषण करने, रटने के बजाय विषय की गहरी समझ विकसित करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने छात्रों के हित के लिए दिल्ली से स्वयं चुनी हुई प्रतियोगी परीक्षाओं की महत्वपूर्ण पुस्तकें वाचनालय को भेंट कीं, जिसके लिए जिला प्रेस क्लब के सदस्यों और छात्र-छात्राओं ने उनकी इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## सराफा एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

### विवेक अध्यक्ष, अनिल बनाए गए सचिव

**पेंड्रा।** जिला सराफा एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर जिले के सराफा व्यापारी, हाट-बाजार के व्यापारी और सराफा कारीगर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।




नई कार्यकारिणी में विवेक सोनी को अध्यक्ष, रवि सोनी को उपाध्यक्ष, संजय सोनी को कोषाध्यक्ष, अनिल सोनी को सचिव, सुरेश सोनी को जिला संयोजक और मदन सोनी को जिला महामंत्री चुना गया। संरक्षक मंडल में प्रकाश सोनी, अमित सोनी, आनंद सोनी, उमेश सोनी और चंदन सोनी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मरवाही इकाई का भी गठन किया गया। इसमें विष्णु सराफ को उपाध्यक्ष, विनोद सोनी को हाट-बाजार प्रमुख, गोविंद सोनी को जिला सहसचिव और जुगलप्रसाद सोनी को जिला सह-कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। जितेंद्र सोनी को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी ने सराफा कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन हमेशा उनके साथ खड़ा है। उन्होंने हाल ही में हुई घटना पर दुख व्यक्त किया और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश मिश्रा ने व्यापारियों से एकजुट होकर नियमों के अनुरूप व्यापार करने की अपील की और किसी भी समस्या में पुलिस के सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के समापन के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की रैली निकाली गई, जिसका विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।

## शिक्षक संघ व बीईओ के मध्य मांगों को लेकर बनी सहमति, घेराव टला



**पथरिया।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रस्तावित आंदोलन से पूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मण्डलोई ने सकारात्मक पहल करते हुए अधिकांश मांगों पर कार्य पूर्ण कर लिया, शेष मांगों पर समयबद्ध कार्यवाही का भरोसा दिया है। इसी के चलते शनिवार को बीईओ कार्यालय का प्रस्तावित घेराव स्थगित हो गया है।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त शिक्षक संघ द्वारा 19 जून 2026 को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पथरिया को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया था। संगठन ने स्पष्ट कर दिया था कि यदि मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन एवं कार्यालय घेराव किया जाएगा। शनिवार को आयोजित बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संयुक्त शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों के मध्य सभी 12 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बीईओ प्रतिभा मंडलोई, एबीईओ यतेंद्र भास्कर, मुख्य लिपिक बलदाऊ कौशिक, संयुक्त शिक्षक संघ की ओर से राजेन्द्र ठाकुर, मोहन लहरी, लक्ष्मीकांत जडेजा, नारायणी कश्यप, बलजीत सिंह कांत, शैलेश कुर्रे, शिव कौशिक, रंजना सिंह, शमीम बानो एवं राधिका सोनी उपस्थित रहे।

**कृषि विशेष**



# अच्छी खाद, बीज व पौधों से आए हरियाली अच्छी फसल देख किसान मनाएं खुशहाली

मानसून की दस्तक के साथ ही खेती किसानी का मौसम आ चुका है। किसान भाईयों ने खेतो की जुताई व बोनी में जुट चुके है। किसानों को इस दौरान होने वाली परेशानियों को दूर करने कृषि विभाग तो मददगार है लेकिन हमारे शहर के प्रतिष्ठित संस्थान कृषि विजय, कृषक साथी, जायसवाल एग्रो, अग्रवाल खाद भण्डार आदि की भूमिका भी महत्वपूर्ण है जहां किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि उपकरण, ट्रैक्टर, रोटावेटर, जायरोवेटर तक मुहैया कराने वाले संस्थान मौजूद है. इसके साथ ही मिल्कियाना पशु आहार में हमारे पशुओं के पौष्टिक आहार उपलब्ध है।




कृषि संस्थान संचालको ने बताया कि

दयाल अनमोल जैविक खादः यह एक ऐसी खाद होती है जो समस्त प्रकार के खाद्यान, दलहन-तिलहन, सब्जी, फल फूल व बागवानी वाली फसलें, धान व सब्जियों एवं नर्सरी घास के मैदान, फूलों के गमलों हेतु उपयोगी होती है।

इनकी मुख्य विशेषताएंः कार्बनिक पदार्थ 35-45% से भूमि की संरचना में सुधार। भूमि की जल-धारण क्षमता में वृद्धि। स्थिर पोषक तत्व क्रियाशील होकर पौधों को उपलब्ध कराती है। एजेडीरेक्टिन युक्त सक्रिय नीम द्वारा कीट एवं दीमक से बचाव करता है। रासायनिक उर्वरकों की मात्र 10-15% कम करने पर भी उपजों में वृद्धि होती है एक करोड़ लाभकारी जीवाणु, प्रति ग्राम में उपस्थित रहता है।

साकार सीड्स :- भरपूर लाभ एवं संतोषप्रद फसल के लिए एक विश्वसनीय प्रमाणिक साकार सीड्स बाजार में उपलब्ध है जिनमें मुख्य रूप से बरबट्टी उज्वला, करेला स्वस्ति, बरबट्टी सुपर उज्वला, बरबट्टी सदाबहार, बरबट्टी रेड गोल्ड, बरबट्टी बुशी रेड, मेथी साकार सुधा,बरबट्टी BG-12,पालक हरितम, लौकी आभा, लाल भाजी भास्कर, मिर्च लौंगी जापानी 1980 से, सेमी मेघा, गोवार शिखर, भिंडी सुपर गोल्ड, जिसे पैदावार बढ़ा सकते हैं।

इसके साथ ही उन्नत हाइब्रीड बीज बाजार में उपलब्ध है-भिंडी ग्रीन वंडर, मिर्ची SHP 145,गलका SSG 101,मिर्ची SHP 108, करेला SK 1912, मिर्ची SHP 75, करेला SK 1903,भिंडी SHB 101,टमाटर SHT, 21-22, भिंडी SHB 505, टमाटर SHT 28,भिंडी SHB 352 इत्यादि









